रेडियो प्रसारण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम (PGDRP)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2008

एम.आर.पी.-001 : जनसंचार का सामान्य अध्ययन

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. जनसंचार के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए आज के संदर्भ में किसी एक सिद्धान्त की उपयोगिता और वैधता का विश्लेषण कीजिए । 20

अथवा

संचार प्रक्रिया के संदर्भ में जनसंचार माध्यमों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए ।

2. "सूचना क्रांति एक मिथक है और इससे सूचना-सम्पन्न और सूचना-विपन्नों के बीच की खाई चौड़ी हुई है ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । 20

अथवा

सूचना समाज से आप क्या समझते हैं और औद्योगिक समाज से यह कैसे भिन्न है ?

3. संचार के विभिन्न प्रकारों का परिचय दीजिए । 20

अथवा

जनमत निर्माण में जनसंचार माध्यमों की बदलती भूमिका का विश्लेषण कीजिए ।

4. भूमण्डलीकृत मीडिया से आप क्या समझते हैं और एक विकासशील समाज पर इसका क्या प्रभाव हो सकता है ? 20

अथवा

भारत के संदर्भ में भूमण्डलीकृत मीडिया और राष्ट्रीय मीडिया की भूमिका का विश्लेषण कीजिए ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* पर टिप्पणी कीजिए : 10×2=20

(क) जनसंचार नीति

(ख) सांस्कृतिक उपनिवेशवाद

(ग) वर्गीस कमेटी

(घ) मीडिया और एजेंडा सैटिंग (एजेंडा निर्धारण)